(ग) इस प्रस्ताव के संबंध में केन्द्रीय सरकार के स्तर पर क्या प्रगति हुई है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (ग) मैसर्स गुजरात एयरवेज लि० बड़ौदा ने गुजरात और महाराष्ट्र में प्रचालन के लिए हवाई टैक्सी प्रचालन परमिट के लिए आवेदन किया है। कंपनी को हवाई टैक्सी प्रचालक परमिट और 15.2.1995 को विमान के आयात के लिए "अनापत्ति प्रमाणपत्र" जारी किया गया है।

भोपाल को अन्य शहरों से हवाई सेवा से जोड़ने की योजना

172. **श्री राघवजी** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भोपाल को नागपुर, हैदराबाद, बंगलौर और मद्रास से हवाई सेवा से जोड़ने की कोई योजना है, और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और क्या भविष्य में इस पर विचार किया जाएगा ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) जी, नहीं। प्रचालन कर्मीदल की तंगी के कारण, इंडियन एयरलाइन्स की फिलहाल भोपाल से नागपुर, हैदराबाद बंगलौर और मद्रास के लिए सेवाएं आरंभ करने की कोई योजनाएं नहीं हैं। निजी एयरलाइनें उस किसी भी स्टेशन के लिए प्रचालन हेतु स्वतंत्र हैं जो सिविलियन यातायात के लिए खुला हुआ है।

मुम्बई-अहमदाबाद-इंदौर-भोपाल-कलकत्ता उड़ान सेवा का बंद किया जाना

173. **श्री राघवजी** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इंडियन एयरलाइंस की मुम्बई–अहमदाबाद–इंदौर–कलकत्ता की विमान सेवा पहले मौजूद थीं ;

(ख) यदि हां, तो इस उड़ान के बन्द करने के क्या कारण हैं ; और

(ग) यह सेवा पुनः कब तक आरम्भ कर दी जायेगी ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) जी, हां। विमान चालकों की कमी के कारण, इंडियन एयरलाइंस ने बम्बई–इंदौर–भोपाल–कलकत्ता सेक्टर पर अपनी सप्ताह में दो बार का बी–737 सेवाएं बन्द कर दी हैं।

(ग) प्रचालन कर्मीदल की कमी के कारण, इंडियन एयरलाइंस की इस सैक्टर पर प्रचालन की फिलहाल कोई योजनायें नहीं हैं।

Foreign tourists

174. SHRI V. RAJAN CHELLAPPA: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether a large number of officials of Air India/Indian Airlines have been frequently going abroad for wooing foreign tourists;

(b) if so, details thereof during 1994 (till November 30) and the expenditure incurred on such visits during the period;

(c) the results achieved out of such visits;

(d) whether Government have any specific plan of action or policy frame-work with regard to methodology of wooing foreign tourists; and

(e) if so, the details thereof?